दूरदर्शन पर हास्य कार्यक्रम

2276. **श्रीमती वीणा वर्मा** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले एक वर्ष के दौरान दूरदर्शन पर हास्य कार्यक्रमों की संख्या में कमी आई है ;

(ख) पिछले छः महीनों के दौरान दूरदर्शन पर प्रसारित किये गये हास्य कार्यक्रमों की सूची क्या है ; और

(ग) आगामी तीन महीनों के दौरान दूरदर्शन पर प्रसारित किये जाने वाले प्रस्तावित हास्य कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजीत पांजा) : (क) से (ग) : कार्यक्रमों का विशुद्ध रूप से हास्य कार्यक्रम के रूप में वर्गीकरण करना संभव नहीं है, क्योंकि उनमें से बहुतों में किसी न किसी रूप में विभिन्न तत्व विद्यमान रहते हैं । तथापि, हास्य के साथ कार्यक्रम कम नहीं हुए हैं । पिछले छह महीनों के दौरान टेलीकास्ट किए गए या अगले तीन महीनों के दौरान टेलीकास्ट किए जाने के लिए प्रस्तावित हास्य कार्यक्रमों की सूची देना संभव नहीं है, क्योंकि इस प्रकार का कोई वर्गीकरण नहीं है ।

दूरदर्शन पर साहित्यिक कार्यक्रम

2277. **श्रीमती वीणा वर्मा** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले एक वर्ष के दौरान दूरदर्शन पर राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अन्तर्गत साहित्यिक कार्यक्रमों के प्रसारण को कम महत्व दिया गया है ; और

(ख) पिछले छः महीनों के दौरान दूरदर्शन पर साहित्यिक कार्यक्रम प्रसारित करने के लिये निर्धारित कुल समय और कार्यक्रमों की सूची क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजीत पांजा) : (क) जी, नहीं ।

(ख) दूरदर्शन ऐसे कार्यक्रम बड़ी संख्या में टेलीकास्ट कर रहा है जो साहित्यिक स्वरूप के होते हैं इनमें लेखकों, कविताओं, जाने माने लेखकों की कृतियों पर आधारित धारावाहिकों, नाटकों आदि पर कार्यक्रम शामिल हैं । साहित्यिक और अन्य कार्यक्रमों के बीच अन्तर करना कठिन है और इसलिये साहित्यिक कार्यक्रमों को टेलीकास्ट करने के लिये निश्चित समय और इस प्रकार के कार्यक्रमों की सूची देना संभव नहीं है ।

C.B.I. Raids

2278. SHRI CHIMANBHAI MEHTA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that in last two weeks CBI and/or other agencies raided Government officials' premises and collected unaccounted money and incriminating documents;

(b) if so, how many officers of various departments were found involved in illegal economic activities;

(c) what are the major details of the economic offences allegedly committed by the concerned officers; and

(d) whether the departmental actions have been taken against officers involved and if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) and (b) Yes, Sir. The C.B.I. conducted 72 searches on 28-7-87 on the residential/office premises